# 19वीं जिज्ञासा 2025 पाँच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं मेला में सहभागिता
# (10 - 14 नवंबर 2025)




महाकौशल विज्ञान परिषद, मध्य प्रदेश एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 19वीं जिज्ञासा 2025 का पाँच दिवसीय ( 10 - 14 नवंबर 2025) राष्ट्रीय कार्यशाला एवं मेला में भा.व.अ.शि.प. उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान ( ICFRE-TFRI) ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस मेले में प्रदर्शनी स्टॉल का आयोजन वन विस्तार, प्रभागध्यक्षा, डॉ. ननिता बेरी के मार्गदर्शन में किया गया।उक्त मेले में संस्थान द्वारा लगाए गए स्टॉल पर श्री राकेश सिंह, माननीय मंत्री, लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश एवं श्री संत प्रसाद गौतम (विज्ञान प्रौद्योगिकी प्रान्त अध्यक्ष) ने भ्रमण किया एवं डॉ. राठोड दिग्विजयसिंह ( वैज्ञानिक सी) श्री हर्षित एवं श्री सुमित कुमार ने संस्थान के विभिन्न मॉडल एंड उत्कृष्ट शोधों जिसमें मुख्य रूप से मियावाकी वृक्षारोपण विधि,जलीय संवर्धन (हाइड्रोपोनिक्स), टिशू कल्चर: सागौन के उन्नत क्लोन का उत्पादन ऊतक संवर्धन विधि से और मृदा स्वास्थ्य कार्ड , जैव उर्वरक से संबंधित जानकारी माननीय मंत्री जी एवं अन्य अतिथियों को अवगत कराया। जिज्ञासा मेले के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अजीत कुमार शासनी, निदेशक, सीएसआईआर- राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के करकमलों से उत्कृष्ट प्रदर्शनी हेतु संस्थान को अवॉर्ड दिया गया जिसे संस्थान की ओर से डॉ. राठोड दिग्विजयसिंह, वैज्ञानिक सी, डॉ. कौशल त्रिपाठी, वैज्ञानिक सी, हर्षित एवं सुमित ठाकुर कुमार द्वारा प्राप्त किया गया।








November 14, 2025









November 14, 2025